BREAKING राजस्थान में 25 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी: पहले 5 साल संविदा पर करना होगा काम, अच्छे प्रदर्शन पर मिलेगी पक्की नौकरी

जयपुर 9 मिनट पहले

राजस्थान में जल्द ही करीब 25 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती होगी। सफाईकर्मी पद पर अब सीधे स्थायी नौकरी नहीं मिलेगी। इसमें सिलेक्ट अभ्यर्थियों को पहले 5 साल संविदा पर काम करना होगा। इस दौरान अच्छे प्रदर्शन और अनुशासन की समीक्षा के बाद ही उन्हें नियमित (परमानेंट) किया जाएगा।

लंबे समय से विवादों में घिरी सफाईकर्मी भर्ती के लिए सरकार ने यह नया मॉडल तैयार किया है। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान संविदा भर्ती नियम-2022 के तहत सफाईकर्मियों की भर्ती करने की तैयारी में है। इसके लिए भर्ती विज्ञप्ति जल्द जारी की जाएगी।

दो बार करनी पड़ी थी रद्द

दरअसल, पिछले 5 साल से सफाईकर्मी भर्ती विवादों में घिरी रही है। अनुभव प्रमाण-पत्रों को लेकर विवाद, फर्जी डॉक्यूमेंट की शिकायतें और प्राथमिकता को लेकर उठे विवादों के कारण भर्ती प्रक्रिया को दो बार रद्द करना पड़ा था।

पिछली कांग्रेस सरकार के समय 13 हजार 184 पदों पर निकाली गई भर्ती को अप्रैल 2023 में वापस ले लिया गया था। इसके बाद बीजेपी सरकार ने भर्ती की घोषणा की, लेकिन अगस्त 2024 में 23 हजार 820 पदों की भर्ती प्रक्रिया भी निरस्त करनी पड़ी।

कर्मचारी संगठनों और निकायों से लिए सुझाव

विभागीय अधिकारियों के अनुसार- भर्ती की गाइडलाइन तैयार की जा रही है। इसके लिए कर्मचारी संगठनों और नगरीय निकायों से सुझाव लिए गए हैं। भर्ती को सरकार के सालाना कैलेंडर में शामिल किया जा चुका है। ऐसे में जल्द ही भर्ती विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी।

स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन ने बताया- संविदा कर्मचारी को निर्धारित फिक्स वेतनमान दिया जाएगा। पांच साल तक उनके कार्य, अनुशासन और जिम्मेदारियों को देखते हुए मूल्यांकन होगा।

भर्ती में किसी समाज को प्राथमिकता नहीं

सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने को लेकर पूछे गए सवाल पर रवि जैन ने बताया- भर्ती प्रक्रिया में किसी विशेष समाज को प्राथमिकता देने का फिलहाल प्रावधान नहीं रखा है। भर्ती प्रक्रिया में नियुक्तियां सामान्य रिजर्वेशन व्यवस्था के तहत की जाएंगी। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहित सभी पात्र वर्गों को नियमानुसार आरक्षण का फायदा मिलेगा।

www.skresultpoint.com